प्रेषक,

जिला विद्यालय निरीक्षक,
लखनऊ।

महत्वपूर्ण/समयबद्ध

सेवा में,

प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक
समस्त राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त/स्ववित्तपोषित इण्टर/हाईस्कूल
समस्त बोर्ड, जनपद– लखनऊ।

पत्रांकः /विविवि/कोविड–19/ 915061 /2021–22 दिनांक : 07 जनवरी, 2022

विषय : विद्यालय में अध्ययनरत समस्त 15 से 18 आयुवर्ग के छात्रों का वैक्सीनेशन कार्य के संबंध में दिशा निर्देश।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक जिलाधिकारी महोदय, लखनऊ के पत्रांक/3169/कोविड–19/टीकाकरण/2022, दिनांक 06–01–2022 का संदर्भ ग्रहण करें जिसके द्वारा निर्देशित किया गया है कि जनपद के समस्त बोर्ड के समस्त विद्यालयों के 15 से 18 आयुवर्ग के छात्र/छात्राओं को वैक्सीनेशन प्रत्येक में अगले 05 दिनों में पूर्ण किया जाना है और प्रत्येक विद्यालय से इस आश्य का प्रमाण पत्र प्राप्त कर जिलाधिकारी महोदय का प्रस्तुत किया जाना है।

अतः आपके विद्यालय अथवा आपके आस–पास विद्यालय में वैक्सीनेशन कैम्प लगा है तो अपने विद्यालय के छात्र/छात्राओं को भी वैक्सीनेशन लगवाना सुनिश्चित करें तथा **दिनांक 12–01–2022 को** इस आश्य का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये कि **आपके विद्यालय में अध्ययनरत समस्त 15 से 18 आयुवर्ग के छात्रों का वैक्सीनेशन कार्य पूर्ण हो गया है।** उसकी सूचना कार्यालय के पत्रांक कोविड–19/9122–27/2021–22 दिनांक 06–01–2022 द्वारा आपके विद्यालय के नामित नोडल अधिकारी को प्रतिदिन उपलब्ध कराने का कष्ट करें और निर्धारित लिंक पर अपडेट करते रहें।

अतः आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि उक्त आदेश का पालन कड़ाई से करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(डॉ0 अमर कान्त सिंह)
जिला विद्यालय निरीक्षक,
लखनऊ।

पृ0सं0/विविवि/कोविड–19/ 915061 /2021–22 तद्दिनांक

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– जिलाधिकारी, लखनऊ।
2– मुख्य विकास अधिकारी, लखनऊ।
3– संयुक्त शिक्षा निदेशक, षष्ठ मण्डल, लखनऊ।

07-1-22
जिला विद्यालय निरीक्षक,
लखनऊ

दो गज की दूरी, मास्क भी है जरूरी।

Scanned with CamScanner